## केन्द्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, भीमताल में ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' का प्रारम्भ

केन्द्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की राष्ट्रीय पहल पर 29 मई से 12 जून, 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत 29 मई, 2025 से की जा रही है । इस देशव्यापी अभियान का उद्देश्य शीतजल मत्स्य पालन की वैज्ञानिक तकनीकों को सीधे मत्स्य कृषकों तक पहुँचाकर वैज्ञानिक अनुसंधानों और कृषक समुदाय के बीच की खाई को पाटना है ।

इस महत्वपूर्ण कार्यकम के अर्न्तगत इस संस्थान द्वारा नैनीताल जिले के 126 से अधिक गॉवों में यह अभियान राज्य के सम्बद्व विकास विभागों तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों के सहयोग से कार्यान्वित किया जायेगा । इस कार्यकम के द्वारा कृषकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जानना तथा उसका निराकरण कर उत्पादकता को बढाना होगा । वैज्ञानिकों की यह पहल मत्स्य कृषकों को जलवायु परिवर्तन, जल की स्थिति, रोग नियंत्रण, विभिन्न रोगों का निदान इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से की गयी है । इस कार्यकम में संस्थान द्वारा विकसित महत्वपूर्ण Recirculating Aquaculture System (RAS) एवं ट्राउट मत्स्य आहार मुख्य तौर पर तकनीकी ज्ञान एवं प्रदर्शन होगा ।

साथ ही इस अभियान का उद्देश्य अनुसंधान को आकार देने के लिए किसानों से फीडबैक भी एकत्रित करना होगा तॉकि विभिन्न तकनीकों में आवश्यक सुधार किया जा सके ।